प्रेस विज्ञप्ति

शासन द्वारा शैक्षिक सत्र 2019–20 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति (समूह 1,2,3 एवं 4 से सम्बन्धित पाठ्यक्रम एवं कक्षा 11 व 12) योजनान्तर्गत मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन से वितरण हेतु प्रस्तावित समय–सारिणी निम्नवत् निर्गत की गयी है:–

क्र0 सं0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	कार्यवाही की प्रस्तावित समयावधि कक्षा 11–12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु
1	प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर (अन्य प्रदेशों में) स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिये आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला समाज कल्याण अधिकारी / योजनाधिकारी (बाह्य प्रदेश छात्रवृत्ति) से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर / अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना।	01 जून, 2019 से 20 जुलाई, 2019 तक
2ए	छात्र / छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किया जाना (नवीनीकरण)	01 जुलाई से 20 अगस्त, 2019 तक।
2बी	उपरोक्तानुसार नवीन आवेदन किये जाने हेतु	01 जुलाई से 10 अक्टूबर, 2019 तक।
3	छात्र द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन पत्र में हुई त्रुटियों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट रोल नम्बर तथा आय, जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक तथा आवेदन का क्रमांक एवं आय तथा आधार नम्बर) को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, लखनऊ द्वारा छात्रवृत्ति के पोर्टल पर स्टूडेन्ट सेक्शन में प्रदर्शित किया जाना(नवीनीकरण एवं नवीन)।	छात्र द्वारा आनलाइन आवेदन पूर्ण करने तथा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालने से पूर्व तीन कार्य दिवसों में।
4ए	आनलाइन आवेदन पत्र हार्डकापी छात्र / छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना (नवीनीकरण)	आवेदन पत्र भरने के 07 दिन के अन्दर विलम्बतम् 27 अगस्त, 2019 तक
4बी	उपरोक्तानुसार नवीन आवेदन किये जाने हेतु	आवेदन पत्र भरने के 07 दिन के अन्दर विलम्बतम् 17 अक्टूबर, 2019 तक
5ए	छात्र / छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र / छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना (नवीनीकरण)	02 जुलाई से 03 सितम्बर, 2019 तक
5बी	उपरोक्तानुसार नवीन आवेदन किये जाने हेतु	02 जुलाई से 24 अक्टूबर, 2019 तक
6ए	जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11–12 हेतु) एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी द्वारा संस्था की मान्यता, वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता को आनलाइन सत्यापित करना (रिनुअल)	03 सितम्बर, 2019 तक
6बी	उपरोक्तानुसार नवीन आवेदन किये जाने हेतु	08 नवम्बर, 2019 तक

समस्त शिक्षण संस्थायें / छात्र–छात्रायें शैक्षिक सत्र 2019–20 में उपरोक्तानुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

(प्रवीण कुमार सिंह)
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
प्रयागराज।

Online circulate through student portal
Title: UP Scholarship time schedule
Chauhan 14/06/19

Scanned by CamScanner